सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम

- **संक्षिप्त विवरणः—** यह यन्त्र कम्बाइन हार्वेस्टर में अटैच किया जाता है। जो कम्बाइन द्वारा काटी गयी फसल के अवशेष को छोटे—छोटे टुकड़ो में करके खेतों मे विखेर देता है। जिससे फसल अवशेष को आसानी से मृदा में मिलाया जा सकता है। फलस्वरूप फसल अवशेष को जलाना नही पड़ता और मृदा कीं उर्वरक क्षमता में बृद्धि होती है। इस यन्त्र की कीमत 1 लाख 20 हजार से 1 लाख 50 हजार तक होती है।

श्रेडर

- **संक्षिप्त विवरणः**– यह पेड़–पौधों के अवशेष को काट कर छोटे–छोटे टुकड़े कर देता है। इस उपकरण को ट्रैक्टर विद्युत मोटर अथवा स्टेशनरी इंजन के माध्यम से आपरेट करते हैं। इस कृषि यन्त्र की कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार से 1 लाख 40 हजार तक होती है।

मल्चर

- **संक्षिप्त विवरणः**– यह कृषि यन्त्र खेतों में फसल अवशेष या सनई, ढैंचा आदि खड़ी फसल को छोटे–2 टुकड़ों में काटकर मृदा को आवरण से ढक देता है, जिससे कि खेतों में नमी का संरक्षण होता है। यह ट्रैक्टर से आपरेट किया जाता है। इस कृषि यन्त्र की कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार से 1 लाख 40 हजार तक होती है।

श्रब मास्टर

- **संक्षिप्त विवरणः**– यह कृषि यन्त्र खेतों में झाड़ियॉ एवं खर–पतवार को काटने के कार्यों में उपयोग में लाया जाता है, यह ट्रैक्टर से आपरेट होता है इस कृषि यन्त्र की कीमत लगभग 35 हजार से 45 हजार तक है।

रोटरी स्लेशर

- **संक्षिप्त विवरण**:– यह कृषि यन्त्र फसल अवशेष एवं झाड़ियों को जड़ से अलग कर छोटे–2 टुकड़ों मे कर खेत में फैला देता है, यह कृषि यन्त्र ट्रैक्टर आपरेटेड होता है। इस कृषि यन्त्र की कीमत लगभग 35 से 40 हजार तक होती है।

जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल

- **संक्षिप्त विवरणः–** यह कृषि यन्त्र कम्बाइन से धान/अन्य फसल की कटाई के उपरान्त बिना जुताई किये ही समय से गेहूँ/अन्य फसल की बुआई करने के लिए उपयोग किया जाता है जिससे समय की बचत, लागत में कमी एवं उत्पादन में बृद्धि होती है। इसकी कीमत लगभग 40 हजार से 60 हजार तक की है।

कटर कम स्प्रेडर

- **संक्षिप्त विवरण**:– यह कृषि यन्त्र फसल के अवशेषों को खेतों में बराबर से काटने और खेत में बराबर से फैलाने का कार्य करता है, इस यन्त्र का प्रयोग 35 से 40 एच0पी0 के ट्रैक्टर से किया जा सकता है। 2 एकड़ के खेत की पराली का प्रबन्धन 1 घण्टे में किया जा सकता है। इस यन्त्र की कीमत लगभग 40 हजार से 48 हजार तक होती है।